आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 शुक्रवार 26.09.2025

मुख्य समाचारः—

1— रायपुर के पास स्थित गोदावरी इस्पात संयंत्र में हुए हादसे में कम से कम छह मजदूरों की मौत।

2— जल संरक्षण और जल संचय जनभागीदारी के परिणामों में छत्तीसगढ़ ने राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान हासिल किया।

3— ईडी की टीम ने आज सुबह रायपुर और बिलासपुर में कई कारोबारी समूहों के ठिकानों पर छापेमार कार्रवाई की।

4— स्कूल शिक्षा विभाग ने वर्तमान शैक्षणिक सत्र के लिए विद्यालयों और महाविद्यालयों में अवकाश की घोषणा की।

प्लांट—हादसा

राजधानी रायपुर के सिलतरा चौकी क्षेत्र स्थित गोदावरी प्लांट में हुए हादसे में कम से कम छह मजदूरों की मौत हो गई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन लाल पाटले ने बताया कि प्लांट में मरम्मत कार्य के बाद जांच करने पहुंचे कर्मचारियों पर अचानक सिल्ली गिर गई।

इस हादसे में करीब छह लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, कुछ लोगों के मलबे के नीचे दबे होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस और प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचकर बचाव अभियान चला रही है।

जल संरक्षण—पुरस्कार

जल संरक्षण और जल संचय जनभागीदारी के परिणामों में छत्तीसगढ़ ने राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान हासिल किया है। प्रदेश में अब तक चार लाख पांच हजार से अधिक कार्य पूर्ण कर जल संरक्षण को एक जन—आंदोलन में बदल दिया गया है।

वहीं, प्रदेश के शहरी निकायों में भी छत्तीसगढ़ ने अपनी श्रेष्ठता स्थापित की है। रायपुर नगर निगम ने पूरे देश में शीर्ष स्थान प्राप्त करते हुए राष्ट्रीय पुरस्कार जीता है। यहां तैंतीस हजार से अधिक कार्यों के माध्यम से न केवल जल संरक्षण को बढ़ावा दिया गया, बल्कि इसे जन—सहभागिता आधारित शहरी विकास का मॉडल बना दिया गया है।

इसी तरह, जिला स्तर पर भी छत्तीसगढ़ का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा है। कैटेगरी—एक में बालोद को प्रथम स्थान, राजनांदगांव को दूसरा और रायपुर को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। इन तीनों जिलों को पुरस्कार स्वरूप दो—दो करोड़ रूपए की राशि प्रदान की जाएगी। वहीं, केटेगरी—दो में महासमुंद, बलौदाबाजार और गरियाबंद को एक—एक करोड़ रूपए से सम्मानित किया जाएगा। कैटेगरी—तीन में बिलासपुर, रायगढ़, बलरामपुर, धमतरी, सुरजपुर और दुर्ग को उनकी उत्कृष्ट भागीदारी के लिए पच्चीस—पच्चीस लाख रूपए के पुरस्कार दिए जाएंगे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव ने इस सफलता पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है।

बीएनएल–फोर जी सेवाएं

भारत संचार निगम लिमिटेड–बीएसएनएल अपने रजत जयंती वर्ष में उपभोक्ताओं के लिए एक बड़ी सौगात लेकर आ रहा है। इसी कड़ी में देशभर में कल से स्वदेशी सी–डॉट कोर के साथ टीसीएस तेजस एकीकरण पर आधारित फोर–जी सेवाएं शुरू होंगी। इस सेवा का उद्‌घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे।

भारत संचार निगम लिमिटेड छत्तीसगढ़ के मुख्य महाप्रबंधक विजय कुमार छबलानी ने बताया कि इस सुविधा से छत्तीसगढ़ के तीन लाख से अधिक उपभोक्ता लाभांन्वित होंगे।

ईडी–छापा

प्रवर्तन निदेशालय–ईडी की टीम ने आज सुबह रायपुर और बिलासपुर में कई कारोबारी समूहों के ठिकानों पर छापेमार कार्रवाई की। यह कार्रवाई कस्टम मीलिंग, मनी लॉन्ड्रिंग और कोयला कारोबार से जुड़ी गड़बड़ियों से संबंधित बताई जा रही है। ईडी की टीम ने रायपुर के जवाहर मार्केट स्थित रहेजा ग्रुप के संचालक संजय रहेजा के घर और दफ्तर पर छापा मारा। वहीं, बिलासपुर में मीनाक्षी ट्रेडर्स और सुल्तानिया परिवार के क्रांति नगर स्थित आवास और कारोबारी ठिकानों पर छापेमारी की। टीम सुबह से ही दोनों शहरों में अलग–अलग ठिकानों पर अब भी मौजूद है और दस्तावेज, फाइलें, बैंक स्टेटमेंट और अन्य वित्तीय रिकॉर्ड की जांच कर रही है।

रायपुर–माओवादी दंपत्ति गिरफ्तार

पुलिस और नक्सल विरोधी दस्ते की टीम ने रायपुर के चंगोराभाठा स्थित एक घर से माओवादी संगठन से जुड़े एक दंपत्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार ये दोनों पति–पत्नी फर्जी आईडी बनाकर रह रहे थे। दोनों आरोपियों की पहचान जग्गू और कमला के रूप में हुई है। ये दोनों माओवादी रायपुर के मेकाहारा अस्पताल में इलाज कराने पहुंचे थे। जांच के दौरान उनकी आईडी फर्जी निकली। इसके बाद इन दोनों को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई। फिलहाल नक्सल विरोधी दस्ते की टीम आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

उच्च न्यायालय–रजत जयंती

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के पच्चीस वर्ष पूरे होने पर कल बिलासपुर में रजत जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्‌घाटन राज्यपाल रमेन डेका करेंगे। वहीं, मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे। साथ ही सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश सूर्यकांत, जे.के. महेश्वरी और प्रशांत कुमार मिश्रा विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा करेंगे।

सेवा पर्व

जनसेवा और सुशासन के मंत्र पर चलते हुए प्रधानमंत्री नरेन्ध्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज 'सेवा पर्व' की इस विशेष श्रृंखला में हम आपके लिए ला रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार ने इंटरनेट क्रांति के माध्यम से संचार में बदलाव लाकर पूरे भारत में गाँवों, शहरों और लोगों को जोड़ा है।

भारत में ब्रॉडबैंड की पहुंच और अगली पीढी के मोबाइल नेटवर्क की तेज गति से डिजिटल क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आ रहा है। इसमें महत्व्वपूर्ण योगदान है भारत नेट परियोजना का, जो डिजिटली सबको जोड़ रही है और इसके अंतर्गत ब्रॉडबैंड इंटरनेट कनेक्टिवटी दो लाख 18 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों तक पहुंच गई है। लगभग सात लाख

किलोमीटर ऑप्टिकल फाइबर के साथ इस डिजिटल जीवन रेखा ने ई–शासन, शिक्षा और छोटे उद्यमों के द्वार सुदूर क्षेत्रों में भी खोल दिए हैं।

नरेन्द्र मोदी सरकार के सतत प्रयासों के कारण भारत मोबाइल डेटा के मामले में दुनिया के सबसे किफायती देशों में से एक बनकर उभरा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश में इंटरनेट क्रांति यह सुनिश्चित कर रही है कि डिजिटल भारत का वायदा हर घर तक पहुंचे और अपने साथ अवसर, गरिमा और भविष्य के लिए आशा लेकर आए। समाचार डेस्क, आकाशवाणी रायपुर

## सेवा पखवाड़ा

सेवा पखवाड़ा के तहत दिव्यांगजनों को शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा अम्बिकापुर में जिला स्तरीय दिव्यांगजन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने दिव्यांगजनों से मुलाकात कर उन्हें विभिन्न उपयोगी उपकरण ट्रायसायकल, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र और सेंसर छड़ी वितरित की।

## बातों–बातों–में

प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार सेवा पर्व के तहत प्रसारित किए जा रहे विशेष कार्यक्रम की श्रृंखला में सांसद संतोष पांडेय से ली गई विशेष भेंटवार्ता का प्रसारण किया जाएगा। इस कार्यक्रम का प्रसारण कल सत्ताईस सितंबर को एफ.एम. चैनल पर सुबह नौ बजे से और प्राईमरी चैनल पर सुबह साढ़े दस बजे से किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

## जीएसटी–उपमुख्यमंत्री

वस्तु और सेवा कर–जीएसटी की दरों में किए गए सुधारों को लेकर इन दिनों प्रदेश में राज्य सरकार द्वारा जीएसटी बचत उत्सव मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने आज मुंगेली जिले के लोरमी नगर पालिका के दुकानदारों और खरीददारों से संवाद किया।

## स्वच्छता ही सेवा

'स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में श्रमदान कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने मुंगेली जिले के नगर पालिका लोरमी में स्वच्छता दीदियों और नगरवासियों के साथ सामूहिक श्रमदान किया।

वहीं, नगर पालिक निगम चिरमिरी द्वारा एक दिवसीय विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शामिल हुए।

## स्कूल शिक्षा विभाग–अवकाश

स्कूल शिक्षा विभाग ने वर्तमान शैक्षणिक सत्र के लिए विद्यालयों और महाविद्यालयों में अवकाश की घोषणा कर दी है। जारी आदेश के अनुसार शासकीय, अनुदान प्राप्त और गैर अनुदान प्राप्त शालाओं के साथ–साथ डी.एड, बी.एड. तथा एम.एड. महाविद्यालयों में विभिन्न त्यौहारों और मौसम के अनुसार अवकाश निर्धारित किए गए हैं।

दशहरा अवकाश उनतीस सितम्बर से चार अक्टूबर तक रहेगा, जो कुल छह दिन का होगा। दीपावली अवकाश बीस अक्टूबर से पच्चीस अक्टूबर तक रहेगा, जो छह दिन का होगा। इसी प्रकार, शीतकालीन अवकाश बाईस दिसम्बर से सत्ताईस दिसम्बर तक रहेगा। ग्रीष्मकालीन अवकाश एक मई से पन्द्रह जून दो हजार छब्बीस तक रहेगा, जो कुल छियालीस दिन का होगा।

<u>पोषण–जागरूकता कार्यक्रम</u>

केंद्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय कांकेर द्वारा कोंडागांव जिले के अंतिम छोर पर बसे घोड़ागांव में आज पोषण माह के अंतर्गत विशेष लोकसंपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शासन की योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाना और उन्हें पोषण के बारे में जागरूक करना था।

<u>संक्षिप्त समाचार</u>

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर में "मेक–इन–सिलिकॉनः राष्ट्रीय सिंपोजियम ऑन एनेबलिंग इंडिजिनस सेमीकंडक्टर इन्फ्रास्ट्रक्चर" के पोस्टर और आधिकारिक वेबसाइट का शुभारंभ किया।

– बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने बासागुड़ा और भैरमगढ़ थाना क्षेत्र से नौ लाख रूपये के दो इनामी माओवादियों को गिरफ्तार किया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>